Alberta

**न्यूज** रिलीज

# ज़िम्मेदारी से एआई विकास का नेतृत्व

06 अगस्त, 2026 मीडिया पूछताछ

## अल्बर्टा सरकार ने एआई डेटा सेंटर के विकास के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए एक ऑनलाइन सूचना केंद्र (इन्फॉर्मेशन हब) और टाउन हॉल बैठकों की एक श्रृंखला शुरू की है।

दुनिया भर में एआई कंप्यूटिंग की बढ़ती मांग के बीच, अल्बर्टा का प्रतिस्पर्धी कर ढांचा, प्रचुर प्राकृतिक गैस और कुशल कार्यबल इसे निजी डेटा सेंटर निवेश के लिए उत्तरी अमेरिका में एक प्रमुख गंतव्य बनाते हैं। विकास से पहले ही स्पष्ट नियम, पर्यावरण आवश्यकताएं और ग्रिड-सुरक्षा नीतियां लागू करके अल्बर्टा यह सुनिश्चित कर रहा है कि एआई डेटा सेंटरों में प्रमुख निजी निवेश अल्बर्टा के निवासियों के लिए बड़े लाभ लाएं और बिजली बिल, पानी, भूमि, पर्यावरण तथा समुदायों जैसी महत्वपूर्ण चीज़ों की रक्षा करें।.

एआई डेटा सेंटरों को लेकर अल्बर्टा का दृष्टिकोण चार प्रतिबद्धताओं पर आधारित है: अल्बर्टा के निवासियों को इन परियोजनाओं के लिए भुगतान नहीं करना पड़ेगा, पावर ग्रिड हमेशा पहली प्राथमिकता रहेगा, पानी के उपयोग पर कड़ा नियंत्रण रहेगा, और नगर निगम कर राजस्व, रॉयल्टी तथा डेटा सेंटर कंप्यूटिंग उपकरण उपकर के माध्यम से अल्बर्टा के लोग इसके वित्तीय लाभों में हिस्सेदार बनेंगे।

"अल्बर्टा के नागरिक यह जानने के हकदार हैं कि इन नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट्स) का उनके लिए क्या अर्थ है। यह वेबसाइट बिजली, पानी और स्थानीय समुदायों पर पड़ने

वाले प्रभावों से जुड़े तथ्यों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराती है, ताकि लोग स्वयं देख सकें कि अल्बर्टा अपनी शर्तों पर कैसे ज़िम्मेदारी से एआई डेटा सेंटरों का विकास कर रहा है।"

**— नेच ग्लूबिश (Nate Glubish), प्रौद्योगिकी और नवाचार मंत्री**

यह नई वेबसाइट बताती है कि डेटा सेंटर क्या हैं, इन्हें यहाँ क्यों बनाया जा रहा है, ये क्या अवसर पैदा करते हैं, अल्बर्टा का दृष्टिकोण अन्य क्षेत्रों से किस प्रकार भिन्न है, और वे कौन से सुरक्षा उपाय हैं जो अल्बर्टा की बिजली व्यवस्था, जल संसाधनों, समुदायों तथा करदाताओं की रक्षा करते हैं। प्रत्येक उत्तर के साथ सार्वजनिक स्रोतों के लिंक भी दिए गए हैं ताकि लोग सीधे जानकारी की समीक्षा कर सकें।

# अपनी राय कैसे व्यक्त करें

अल्बर्टा के निवासियों के पास अपना सुझाव/फीडबैक देने के अवसर उपलब्ध हैं। वेबसाइट पर बताया गया है कि नागरिक कैसे नगर निगम की चर्चाओं में भाग ले सकते हैं, नियामकों (regulators) को अपनी राय दे सकते हैं, और अपनी चिंताएं दर्ज करा सकते हैं। अल्बर्टा के निवासियों को प्रांत में एआई डेटा सेंटरों पर आयोजित होने वाले निम्नलिखित टाउन हॉल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है:

| कार्यक्रम | मेज़बान | तिथि | समय | स्वरूप |
|---|---|---|---|---|
| पोनोका टाउन हॉल। | मंत्री नेच ग्लूबिश | 19 अगस्त | 6 – 7:30 शाम | व्यक्तिगत उपस्थिति |
| स्टर्जन काउंटी टाउन हॉल | मंत्री नेच ग्लूबिश | 20 अगस्त | 6 – 7:30 शाम | व्यक्तिगत उपस्थिति |
| वर्चुअल टाउन हॉल | प्रीमियर डेनिएल स्मिथ और मंत्री नेच ग्लूबिश | 27 अगस्त | 6 – 7:00 शाम | वर्चुअल |
| ग्रैंड प्रेरी टाउन हॉल | मंत्री नेच ग्लूबिश | 11 सितंबर | 6 – 7:30 शाम | व्यक्तिगत उपस्थिति |

अतिरिक्त जानकारी और पंजीकरण के विवरण के लिए देखें: **AI Data Centres in Alberta**

## मुख्य तथ्य

- 2030 के दशक तक एआई अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में US$15.7 ट्रिलियन तक का योगदान होने की उम्मीद है।
- अल्बर्टा की डेटा सेंटर रणनीति ने पहले ही लगभग $100 से $200 बिलियन का संभावित निजी निवेश आकर्षित किया है।

## संबंधित जानकारी

- अल्बर्टा में AI डेटा सेंटर

## मीडिया पूछताछ

**एलेनी इस्कीर्स्की**

780-717-7828
प्रेस सचिव, प्रौद्योगिकी और नवाचार